# प्रदेश के 38 शहरों का बनेगा मास्टर प्लान

- टीएंडसीपी महानगर क्षेत्र कानून लागू करेगा
- नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा में दी जानकारी



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 दिसंबर.** **टाउन एंड कंट्री प्लानिंग 38 शहरों का जीआईएस मास्टर प्लान तैयार करेगा, वहीं महानगर क्षेत्र कानून भी लागू करेगा. इसी तरह सिंहस्थ 2028 के लिए एकीकृत मास्टर प्लान आधारित विकास होगा. भोपाल और इंदौर मेट्रो के पूरे रूट 2028 तक पूर्ण होंगे.**

यह जानकारी खजुराहो में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा के दौरान दी गई. तीन वर्ष की कार्ययोजना के बारे में बताया पीएमएवाय 2.0 में 6 लाख नए आवास स्वीकृति कराया जाएगा, वहीं अमृत 2.0 में 2025-27 के दौरान 1440 करोड़ की जल परियोजनाएं, 9.99 लाख नल कनेक्शन, 7.90 लाख सीवर कनेक्शन, 420 जल संरचना जीर्णोद्धार, 389 पार्क विकास और स्काडा से जल आपूर्ति की रियल-टाइम मॉनिटरिंग होगी.

इसी तरह पीएम स्वनिधि में 6,71,332 नए ऋण प्रकरण, 289 नए दीनदयाल रसोई केंद्र और 128 आश्रय स्थलों के संचालन-संधारण का प्रावधान होगा. मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना के चरण-4 में 1586 करोड़ के कार्य पूरे होंगे, चरण-5 में 5000 करोड़ से मास्टर प्लान सड़कों का विकास, मार्च 2026 तक 472 ई-बसें संचालन में आएंगी, बस डिपो-चार्जिंग सुविधा विकसित होगी.

> संस्थागत सुधारों में एकीकृत नगरपालिका अधिनियम एक वर्ष में अधिसूचित होगा, सभी संवर्गों का पुनर्गठन अप्रैल 2026 तक, धारा 86 में नगरीय राजस्व सेवा गठित होगी, बिरसिंहपुर में 1750 करोड़ लागत वाला 250 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट पीपीपी मॉडल से स्थापित होगा. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगरीय विकास और ग्रामीण विकास विभाग को आपसी समन्वय से अर्बन-रूरल क्लस्टर की अवधारणा पर काम करने के निर्देश दिये.

## बीड़ी श्रमिकों को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा

**भोपाल, 8 दिसंबर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के बीड़ी श्रमिकों को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वन विभाग से समन्वय कर समुचित समाधान निकालने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के तेंदूपत्ता से पश्चिम बंगाल में बीड़ी उद्योग फल-फूल रहा है और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है. राज्य के तेंदूपत्ता संग्राहकों और बीड़ी बनाकर आजीविका चलाने वाले हजारों परिवारों को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तेंदूपत्ता मध्यप्रदेश की संपत्ति है. इससे मिलने वाला रोजगार यहीं के लोगों को मिलना चाहिए. बीड़ी श्रमिकों को फिर से रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ना है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को खजुराहो में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिये. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीड़ी बनाने वाले परिवारों को लगातार और बेहतर काम उपलब्ध कराया जाएगा. महिलाओं के रोजगार और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी.

# आज लाड़ली बहनों के खाते में आएंगे 1857 .61 करोड़

- खजुराहो में कैबिनेट की बैठक में पेश होगा प्रस्ताव
- सागर -दमोह के बीच बनेगा नया ग्रीनफील्ड कॉरिडोर

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने पूरे कैबिनेट के साथ दो दिवसीय खजुराहो प्रवास पर हैं. प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को कन्वेंशन सेंटर खजुराहो में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक होगी. कैबिनेट में बुंदेलखंड को नया ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की सौगात मिल सकती है.**

मिले संकेतों के मुताबिक कैबिनेट में सागर-दमोह ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का प्रस्ताव पेश होगा, जिसे मंजूरी मिल सकती है. इस ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के निर्माण पर दो हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे. इस

सड़क की लंबाई लगभग सौ किमी होगी. कैबिनेट में भोपाल-विदिशा व्हाया रायसेन ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट का प्रस्ताव भी पेश होगा, इस प्रोजेक्ट की लागत 1800 करोड़ रुपये बताई गई है. इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट की मंजूरी मिल सकती है. इसी तरह कैबिनेट में लिमड़ी- थांदला ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का प्रस्ताव कैबिनेट में पेश होगा. इसकी लागत भी लगभग दो हजार करोड़ रुपये है, जिसे कैबिनेट से हरी झंडी मिल सकती है.

### बीएमसी में नये विभाग खोलने का प्रस्ताव

कैबिनेट में बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में नये विभाग खोलने का प्रस्ताव भी पेश होगा, जिसे अनुमति मिल सकती है. बताया जा रहा है कि कैबिनेट में बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास के लिये आधा दर्जन से अधिक प्रस्ताव पेश होंगे, इनमें सिंचाई से जुड़ी परियोजनाएं भी शामिल है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में प्रदेश की एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में लगभग 1857 करोड़ 62 लाख रुपये अंतरित करेंगे. साथ ही विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे.

# नाटक में दिखी स्त्री असमानता की तस्वीर

## रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में नाटक पुरुष का मंचन



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 8 दिसंबर. रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में सोमवार शाम नाटक पुरुष मंचन हुआ. के जी त्रिवेदी की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य और सम्मान समारोह के तहत यह प्रस्तुति हुई.**

नाटक के माध्यम से समाज में स्त्री और पुरुष के बीच असमानता, दलित और ब्राह्मण महिला के साथ हुए अत्याचार और व्यवस्था की खामोशियों को बेहद प्रभावी ढंग से मंच पर उतारा गया. नाटक का लेखन जयवंत दलवी द्वारा किया गया. परिकल्पना और निर्देशन आदर्श शर्मा चिंटू ने किया. मंच पर त्रिकर्षि नाट्य संस्था के कलाकारों ने पूरी मजबूती के साथ पात्रों को जिया.

कहानी की नायिका अंबिका समाज की उस पीड़ा को दर्शाती दिखी, जिसमें स्त्री पर विपरीत परिस्थिति आने पर उसके अपने ही लोग साथ छोड़ देते हैं. उसके संघर्ष में न माता पिता साथ आते हैं न व्यवस्था का भरोसा मिलता है और न समाज की आवाज उठती है.



# दुष्यन्त संग्रहालय में पुस्तक पर चर्चा

**भोपाल, 8 दिसंबर. दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के राज सदन में आशा पारस फाउंडेशन द्वारा पुस्तक चर्चा और कविता पाठ का आयोजन किया गया.**

आयोजन का मुख्य केंद्र कवयित्री डॉ. वीणा सिन्हा की पुस्तक ग्लिच इन द स्पेस टाइम रही. कार्यक्रम में डॉ विशाखा राजुरकर ने वार्ताकार की भूमिका निभाई और पुस्तक के रचनात्मक पक्षों पर डॉ. सिन्हा से संवाद किया. कार्यक्रम के दौरान राहुल शर्मा, भास्कर इंद्रकांति, फौज़िया खान और सूर्यांश सक्सेना ने पुस्तक की कविताओं का पाठ किया. चर्चा सत्र में नीलिमा रंजन और राग तेलंग ने पुस्तक की भाषा और विषयवस्तु पर अपने विचार रखे. फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ आशा शुक्ला भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं. कार्यक्रम का संचालन अपर्णा पात्रिकर ने किया.

# भोपाल नोडल ओवरऑल चैंपियन

- आरजीपीवी वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता



**भोपाल, 8 दिसंबर. टीटी नगर स्टेडियम में लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (एलएनसीटी) द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित आरजीपीवी राज्यस्तरीय वेटलिफ्टिंग पुरुष प्रतियोगिता संपन्न हुई.**

प्रतियोगिता में आरजीपीवी के भोपाल जबलपुर उज्जैन इंदौर और सागर नोडलों के चालीस से अधिक खिलाड़ियों ने अपने दमखम का प्रदर्शन किया. मुकाबलों में भोपाल नोडल ने तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया. जबलपुर नोडल ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया.

60 किग्रा वर्ग में भोपाल के सी एच रोहित सिंघा ने स्वर्ण जीता. जबलपुर के सिद्धार्थ ने रजत हासिल किया. 65 किग्रा में जबलपुर के वंश कुशवाहा स्वर्ण विजेता रहे और भोपाल के रूद्र शर्मा ने रजत पाया. 71 किग्रा वर्ग में भोपाल के कार्तिक राजपूत ने स्वर्ण और इंदौर के धीरज सिंह ने रजत जीता.

# बैरसिया कृषि उपज मंडी में धान की खरीदी शुरू



**बैरसिया, 08 दिसम्बर. कृषि उपज मंडी बैरसिया में सोमवार से धान खरीदी शुरू हुई है. मंडी सचिव सुनील कुमार भालेकर के मुताबिक धान खरीदी के पहले दिन 219 किसान 6 हजार 6 सौ 35 बोरा धान डाक नीलामी में लेकर आए, जहां धान का न्यूनतम भाव 1100 रुपये तथा उच्चतम 3455 रुपये प्रति क्विंटल रहा. जबकि धान का मॉडल रेट 3350 रुपये था.**

वहीं किसान मंडी डाक नीलामी में अन्य अनाज भी लेकर आए. इनमें सोयाबीन 8375 बोरा, गेहूं 1114 बोरा, चना 134 बोरा, मक्का 9 और सरसों 2 बोरे की आवक हुई.जहां कुल 16269 बोरों की आवक हुई. वहीं सोयाबीन का न्यूनतम भाव 1600 रुपये और उच्चतम 5740 रुपये प्रति क्विंटल रहा. गेहूं का भाव न्यूनतम 1800 से उच्चतम 2780 रुपये प्रति क्विंटल, चना 4000 रुपये से उच्चतम 5275 रुपये प्रति क्विंटल रहा.

# हजरत निजामुद्दीन विशेष ट्रेन निरस्त

**भोपाल,08 दिसंबर. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के रेल प्रशासन ने कम यात्री भार को देखते हुए ट्रेन ऑन-डिमांड के रूप में संचालित साप्ताहिक विशेष गाड़ी संख्या 07021/07022 चरलापल्ली -हजरत निजामुद्दीन-चरलापल्ली को आगामी आदेश तक निरस्त करने का निर्णय लिया है.**

यह ट्रेन चरलापल्ली से 08 दिसंबर 2025 से तथा हजरत निजामुद्दीन से 10 दिसंबर 2025 से अगले आदेश तक बंद रहेगी. यह विशेष गाड़ी इटारसी, भोपाल एवं बीना स्टेशनों से होकर संचालित होती थी और यात्रियों को उत्तर भारत की ओर आवागमन की सुविधा प्रदान करती थी.




> यात्रियों से विनम्र आग्रह है कि अपनी आगामी यात्रा योजना बनाते समय इस परिवर्तन को ध्यान में रखें. वैकल्पिक ट्रेनों, समय सारणी और टिकट उपलब्धता की जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, मोबाइल एप्लिकेशन तथा 139 सेवा का उपयोग करें. रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली किसी भी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है और बेहतर एवं सुरक्षित सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है.

रेल प्रशासन ने बताया कि यात्री भार सामान्य से काफी कम होने के कारण अस्थायी निरस्तीकरण आवश्यक हुआ है. स्थिति सामान्य होने अथवा मांग बढ़ने पर इस ट्रेन के संचालन को पुनः बहाल किया जाएगा. पुनः संचालन की पुष्टि होने पर इसकी जानकारी समय-समय पर प्रेस विज्ञप्तियों, आधिकारिक पोर्टल तथा अन्य माध्यमों से यात्रियों को उपलब्ध कराई जाएगी.

# अनुपस्थित-मृत वोटरों की होगी पहचान

**बीएलओ और बीएलए एक साथ करेंगे जुगलबंदी**



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 दिसंबर. प्रदेश में अब मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के प्रथम चरण के तहत गणना पत्रकों के प्रकाशन एवं प्राप्ति के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की पहचान और सत्यापन के लिए बीएलओ और बीएलए एक साथ जुगलबंदी करेंगे.**

प्रदेश के सभी जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर10 दिसंबर तक बीएलओ-बीएलए तथा सहयोगी कार्मिकों की बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है. इन बैठकों में ऐसे मतदाताओं की अंतिम सूची तैयार की जा रही है और उसे संबंधित मतदान केन्द्रों पर प्रदर्शित भी किया जा रहा है. जिन घरों से अब तक गणना पत्रक प्राप्त नहीं हुए हैं, उनकी जानकारी भी बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है. बैठक की कार्यवाही तथा संबंधित फोटोग्राफ को संबंधित जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है, जिससे आम मतदाता आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें.

> मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए से अनुरोध किया गया है कि वे प्रदर्शित सूची का अवलोकन करें और यदि किसी प्रकार की विसंगति पाई जाती है, तो उसकी सूचना 11 दिसंबर तक उपलब्ध कराएं ताकि बीएलओ एप के माध्यम से समय पर संशोधन किया जा सके. गणना पत्रक प्राप्त होने पर अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं को छोड़कर बाकी सभी के नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल होंगे. प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर को किया जाएगा.

# निर्माणाधीन छात्रावासों का कार्य शीघ्र पूरा करें

- अजाक विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 दिसंबर.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार और सांस्कृतिक संरक्षण प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है. छात्रों के हित के लिए छात्रावासों में नवीन तकनीक का उपयोग कर उन्हें आधुनिक बनाया जाए.**

निर्माणाधीन छात्रावास भवनों का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें. उच्च शिक्षा एवं स्वरोजगार योजनाओं के तहत युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को त्वरित और सरल बनाने के निर्देश भी दिए गए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में अनुसूचित जाति कल्याण और जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा कर रहे थे.


**CHANGE OF NAME**

I, Payal daughter of No - 15670382W EX - Hav. Uttam Barsker resident of Vill-Jamgaon, PO-Saikhera, TEH-Multai, Distt-Betul M.P, Pin- 460557 have changed my name from **Payal** to **Payal Barsker** vide affidavit dated 03/12/2025 before Notary Betul, Distt-Betul (M.P).

**CHANGE OF NAME**

I, Smt KANCHANA is legally wedded spouse of No. 15205483H Ex L/Nk RUPESH KUMAR VAGDRE resident of Vill - Nayegaon, PO- Rondha, Teh-Betul, Distt-Betul (MP) have changed my name from **KANCHANA,** to **KANCHANA VAGDRE** vide Affidavit dated 05/12/2025 before Notary Betul, Distt-Betul (MP).


**हस्तकला** कारीगर बोले- शिल्पों को आधुनिक रूप देकर परंपरा को कायम रखने की कर रहे कोशिश

# गौहर महल में लगा कारीगरों के हुनर का मेला



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 8 दिसंबर. गौहर महल में इन दिनों हस्तकला की ऐसी भीनी खुशबू फैली है कि परिसर में प्रवेश करते ही एक अलग संसार का अहसास होता है. सोमवार को मेले में उन रंग-बिरंगी कृतियों पर लोगों की नजरें खूब टिकीं, जो प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और कलाकारों की कल्पनाशीलता संजोए हुए है.**

मध्यप्रदेश हस्तशिल्प और हाथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित इस पांच दिवसीय मेले में दूरस्थ जिलों से आए कारीगर अपने हुनर को पेश करते हुए दिखे. मेले में लकड़ी और धातु की नक्काशी से लेकर वस्त्रों पर बने प्राकृतिक रंगों के डिजाइन लोगों को आकर्षक करते दिखे. मेले में आए शिल्पकारों ने बताया कि आधुनिक जरूरतों के अनुरूप बदलाव करते हुए भी वे अपनी परंपरागत जड़ों को कायम रखने की कोशिश कर रहे हैं. इसी बीच एमएलबी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने स्टॉल दर स्टॉल जाकर कलाकारों से तकनीक, समय और सामग्री की बारीकियां जानीं.

> शिल्पकार विनोद मालेवर ने उन्हें बताया कि कैसे एक साधारण सी धागे की कड़ी भी प्रदेश की सांस्कृतिक कहानी बुनती है. मेले का एक और प्रमुख आकर्षण वे वस्त्र रहे, जिन पर मध्यप्रदेश की लोक धरोहर और पारंपरिक प्रतीक उकेरे गए थे. इन डिजाइनों ने यह एहसास कराया कि हस्तकला सिर्फ सौंदर्य नहीं, बल्कि इतिहास और विरासत का दस्तावेज भी है.


**कार्यालय वनमंडल अधिकारी, वनमंडल बैतूल (उत्पादन) म.प्र.**

दूरभाष क्रमांक- 07141-234408, ई-मेल- dfopbetul@mp.gov.in

क्रमांक/व्यय/2025/134 बैतूल, दिनांक 2/12/2025

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त बैतूल अंतर्गत उत्पादन वनमंडल बैतूल में विदोहन वर्ष 2025-26 (30 सितम्बर 2026) तक के उपयोग हेतु निर्माण कार्यों में लगने वाली निर्माण सामग्री के क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. निविदा प्रपत्र, शर्तों एवं विस्तृत जानकारी हेतु मध्यप्रदेश की वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर लॉग-ऑन करें. निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 1000/- तथा सत्यंकार की राशि रुपए 1,50,000/- है. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय किया जा सकेगा एवं निविदा ऑनलाइन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी. निविदा का कुल मूल्य लगभग रुपए 50,00,000/- है. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाइट पर दी जाएगी.

निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करने एवं खोलने का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | Publishing Date | 08/12/2025 | निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है. |
| 2. | Document Download/ Sale Start Date | 08/12/2025 | |
| 3. | Bid Submission Start Date | 08/12/2025 | |
| 4. | Pre-Bid Meeting Date | -- | |
| 5. | Bid Submission Closing Date | 29/12/2025 | |
| 6. | Bid Opening Date | 31/12/2025 | |

G22426/25 वनमंडल अधिकारी (उत्पादन) वनमंडल बैतूल



